**Naidunia (Indore), 30th September 2021, Page-5**

# बेहतर काम करने वालों को सम्मानित करेगा आइआइटी इंदौर



**इंदौर।** आइआइटी इंदौर द्वारा नेशनल इनोवेशन अवार्ड (एनआइए) समारोह जनवरी 2022 में आयोजित किया जाएगा। इसमें पंजीयन नवंबर के आखिरी सप्ताह तक किया जा सकता है। इसमें इनोवेशन करने वाले विद्यार्थियों व उद्योग संचालकों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 18 कैटेगरी में अवार्ड दिए जाएंगे। इसमें एयरोस्पेस, डिफेंस इनोवेशन, आटोमोटिव इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट, इंजीनियरिंग डेवलपमेंट, इंटरनेट आफ थिंग्स, पर्यावरण और कई विषयों में किए गए शोध की जानकारी ली जाएगी। इन सभी कैटेगरी में शोध करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की थीम 'आत्मनिर्भर भारत' रहेगी। देशभर के संस्थानों के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। आइआइटी इंदौर के डिपार्टमेंट आफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. संतोष विश्वकर्मा का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम से देश में हो रहे नए इनोवेशन की जानकारी सभी को साझा करना है और इनोवेशन को प्रौद्योगिकी के जरिये और कैसे बेहतर कर सकते हैं, इस पर बात करना भी मकसद है। कार्यक्रम में कई देशों के वक्ता भी मौजूद रहेंगे। आइआइटी इंदौर भी अपनी ओर से कुछ शोध प्रस्तुत करेगा।